## याचिका में की गई है इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग

# हाईकोर्ट में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंचे दयाशंकर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने शिशु का भ्रूण लेकर कोर्ट रुम में दाखिल हुए रीवा निवासी दयाशंकर की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के साथ ही अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। बुधवार को जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के दौरान पुलिस ने दयाशंकर को पेश किया। उसने अपना पक्ष स्वयं रखा। उसने जान को खतरे की आशंका बताई। उसने 200 करोड़ रुपये का घपला उजागर किए जाने के बाद से अपने ऊपर हो रहे हमलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

- याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा, जान को खतरा बताया
- 200 करोड़ के घपले का खुलासा करने सहित अन्य तथ्य किए रेखांकित
- एक के बाद एक हो रहे हमलों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता पर खड़ा किया सवाल



इस मामले मे विरोधाभासी बात यह है कि याचिकाकर्ता एक ओर जान को खतरे का हवाला दे रहा है, वहीं दूसरी ओर उसने मूल याचिका में इच्छामृत्यु की अनुमति देने का हाई कोर्ट से आग्रह भी किया है। याचिकाकर्ता रीवा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुका है। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी का गर्भपात जिस सड़क दुर्घटना के कारण हुआ, वह साजिश का हिस्सा थी। सौभाग्य से वह और उसकी पत्नी बच गए । किंतु गर्भपात होने से शिशु की मृत्यु हो गई, जिसका भ्रूण वह पालिथिन में लेकर हाई कोर्ट पहुंच गया था। उसका तर्क था कि न्यायालय में सबूत मांगे जाते हैं, इसलिए वह मजबूरी में अपने अजन्मे बच्चे का भ्रूण लेकर हाई कोर्ट सबूत पेश करने पहुंचा था। उसका आरोप है कि शिकायत के बावजूद रीवा पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नही की गई। याचिका में पूर्व में हुए हमले व संबंधित मामलों में दायर याचिकाओं का भी उल्लेख किया गया है। बहरहाल, शिशु भ्रूण कांड के बाद से हाई कोर्ट की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। मंगलवार की भांति बुधवार को भी प्रत्येक द्वार पर पुलिस मुस्तैद थी।

## मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस पर हुआ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम

*हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने रखे विचार*

ADVOCATE

**जबलपुर।** जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के उपलक्ष्य में आनलाइन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजन किया गया।हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषय पर एक संवादात्मक चर्चा आयोजित की गई। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला ने अधिनियम के व्यापक दायरे और प्रगतिशील उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून न्यायालयों, संस्थानों व विभिन्न पेशेवर कार्यस्थलों सहित सभी कार्यस्थलों पर लागू होता है और इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, संरक्षित व गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत स्थापित वैधानिक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विशेषकर आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका पर भी विशेष बल दिया तथा जागरूकता व संवेदनशीलता की आवश्यकता को रेखांकित किया, ताकि कानून द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित हो सके। सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम के लिए संस्थागत संवेदनशीलता, जागरूकता तथा सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया। संगीता यादव, रजिस्ट्रार (परीक्षा), अरविंद श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव, अनिरुद्ध जैन, उप सचिव, व प्रदीप सिंह ठाकुर व दिग्विजय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में राज्य भर से महिला न्यायिक अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों, महिला जिला विधिक सहायता अधिकारियों व विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अन्य अधिकारियों ने आनलाइन सहभागिता की। राज्य के सभी महिला न्यायिक अधिकारियों व महिला अधिकारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन राज्यभर के महिला न्यायिक अधिकारियों तथा विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अधिकारियों की सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया, जिनकी सक्रिय भागीदारी से इस अवसर का आयोजन सार्थक व प्रभावी रहा।

## हाई कोर्ट ने डीजी व लीगल एडवाइजर से तलब किया शपथ-पत्र

# ईओडब्ल्यू ने बस का टैक्स जमा न करने पर कैसे दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की युगलपीठ ने उस मामले में आश्चर्य जताया है, जिसमें बस का टैक्स जमा न करने पर उसके संचालक के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली गई। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के डीजी और उनके लीगल एडवाइजर को व्यक्तिगत हलफनामे में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। दोनों को यह बताना है कि कैसे टैक्स वसूली की कार्यवाही पर भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज हो सकता है। कोर्ट ने कहा है कि यदि अगली सुनवाई के पहले शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो दोनों अधिकारियों की व्यक्तिगत हाजिरी के आदेश करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी बस संचालक संजय केशवानी एवं साधना केशवानी की ओर से अधिवक्ता ब्रजेश दुबे, आशीष रावत व शंकर गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध बसों टैक्स बकाया था। इस मामले में ईओडब्ल्यू भोपाल ने याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर दी। दलील दी गई कि बसों के टैक्स बकाया की वसूली की प्रक्रिया मोटर यान कराधान अधिनियम के प्रविधानों के तहत की जा सकती है। इस संबंध में कराधान अधिनियम की धारा 8 एवं 16 में प्रविधान है व आरटीओ डिंडौरी द्वारा जारी टैक्स डिमांड नोटिस जारी किये गए थे। याचिकार्ताओं ने टैक्स डिमांड को भी चुनौती दी है। इसके बावजूद ईओडब्ल्यू ने एक फर्जी शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली।

## ड्यूटी के दौरान आउटसोर्स लाइन कर्मी की तबीयत बिगड़ी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गढ़ा उप संभाग में कार्यरत एक आउटसोर्स लाइन कर्मी की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर सिटी सर्किल के शहर संभाग दक्षिण में पदस्थ आउटसोर्स लाइन कर्मी सुरेंद्र रजक बुधवार सुबह 9 बजे ड्यूटी पर पहुंचे थे। कार्यस्थल पर पहुंचते ही उनके सीने में तेज दर्द उठा और वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उनकी हालत पर डॉक्टर निगरानी रखे हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कर्मचारी संघ ने प्रबंधन से आर्थिक सहायता की मांग की है। संघ के पदाधिकारी मोहन दुबे, दशरथ शर्मा, केएन लोखंडे, शशि उपाध्याय, महेश पटेल, मदन पटेल और पीएन मिश्रा ने पूर्व क्षेत्र कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि आउटसोर्स कर्मी सुरेंद्र रजक के इलाज के लिए तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाए। संघ ने मानवीय आधार पर शीघ्र निर्णय लेने और कर्मी के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## होटल-सराफा कारोबार प्रभावित, घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी

# जबलपुर में रसोई गैस संकट गहराया



**जबलपुर।** ईरान-इजराइल युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय हालात का असर अब जबलपुर में साफ दिखाई देने लगा है। शहर में पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। खासतौर पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने होटल, रेस्टॉरेंट, केटरिंग और सराफा कारोबार की कमर तोड़ दी है। वहीं घरेलू उपभोक्ता भी सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। शहर में घरेलू गैस सिलेंडर 13 सौ रुपए तक में बिकने की बात सामने आ रही है। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ हॉकर चोरी-छिपे ब्लैक में सिलेंडर उपलब्ध कराने की पेशकश कर रहे हैं। गैस एजेंसियों पर बुकिंग के बावजूद डिलीवरी में देरी हो रही है। लोग सुबह से एजेंसियों के बाहर जानकारी लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा।

### होटल-रेस्टॉरेंट पर संकट

कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई लगभग ठप होने से शहर के होटल और रेस्टॉरेंट संचालक परेशान हैं। कई छोटे होटल संचालकों का कहना है कि उनके पास सीमित स्टॉक बचा है। यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो होटल बंद करने की नौबत आ सकती है। शादी-विवाह के सीजन में केटरिंग कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

### सराफा बाजार में हाथ खाली

जबलपुर सराफा बाजार भी गैस संकट से अछूता नहीं है। यहां करीब 2 हजार से अधिक कारीगर सोना-चांदी के आभूषण बनाने का काम करते हैं। प्रत्येक कारीगर को औसतन महीने में तीन सिलेंडर की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से सराफा बाजार में हर महीने करीब 9 हजार सिलेंडर और रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। सप्लाई बाधित होने से उत्पादन पर असर पड़ रहा है और ऑर्डर समय पर पूरे करना मुश्किल हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ गैस की कमी का असर शहर के चाय-नाश्ते की दुकानों, फास्ट फूड ठेलों और रेहड़ी-पटरी कारोबारियों पर भी पड़ा है। कई दुकानदार वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लकड़ी या कोयले का सहारा लेने की सोच रहे हैं, जिससे खर्च बढ़ने की आशंका है।

### शादियों में बढ़ी टेंशन

जिन घरों में शादी या अन्य आयोजन हैं, वहां गैस की उपलब्धता को लेकर चिंता बनी हुई है। घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी में देरी से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यदि स्थिति जल्दी नहीं सुधरी तो शहर में गैस को लेकर हाहाकार की स्थिति बन सकती है।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

व्यापारियों और आम नागरिकों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर गैस सप्लाई सामान्य कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो होटल-रेस्टॉरेंट बंद होने और रोजमर्रा की जरूरतों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 47 हजार उड़ाए

**जबलपुर।** बेलबाग थानान्तर्गत बाई का बगीचा स्थित जनता मार्केट के पास सब्जी खरीदने आये एक अधिवक्ता के पर्स में रखा एटीएम कार्ड अज्ञात व्यक्ति ने बदलकर उसके खाते से 47 हजार रूपए निकाल लिये। इस बात की जानकारी अधिवक्ता को उस समय लगी जब उन्होंने अपने बेटे को एटीएम कार्ड देकर पैसे निकालने कहा। एटीएम कार्ड से पैसे नहीं निकलने पर अधिवक्ता के पुत्र ने कार्ड को ध्यान से देखा तो वह कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति का था। बेलबाग पुलिस ने बताया कि कांचघर हनुमान टोरिया घमापुर निवासी विजय कुमार चौधरी वकालत करते हैं गत वर्ष 12 अक्टूबर को उन्होंने अपने बेटे को अपना एटीएम कार्ड देकर कुछ पैसे निकालने कहा था उसका बेटा रिषी चौधरी कांचघर स्थित एटीएम पैसा निकालने गया था जहां पैसा नहीं निकलने पर उसने अपने पिता को इस बात की जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि तुमने एटीएम मशीन में पिन नंबर गलत डाल दिया होगा। अधिवक्ता के बेटे ने एटीएम को ध्यान से देखा तो उसपर किसी रामअवतार यादव का नाम लिखा था अधिवक्ता विजय चौधरी ने धोखाधड़ी की आशंका को देखते हुए जब स्टेट बैंक से अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो उन्हें पता चला कि किसी ने उसके खाते से एटीएम कार्ड की जरिए 40 हजार रूपए नगदी निकाले हैं वहीं सात हजार रूपए एटीएम कार्ड से पेमेंट कर सुनरहाई स्थित एक ज्वेलर्स दुकान से सात हजार की पायल खरीदी है। विजय चौधरी गत वर्ष 5 अक्टूबर को सब्जी खरीदने बाई का बगीचा जनता मार्केट के पास गये थे जहां किसी ने उनके पर्स से पैसा निकालने के चक्कर में उनका एटीएम कार्ड बदल दिया था।

## रिंग रोड- बायपास के आसपास जमीनें महंगी होंगी

# नई गाइड लाइन : शहर के नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन की आहट

हरिभूमि जबलपुर।

नई कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्ताव ने शहर के रियल एस्टेट बाजार में हलचल मचा दी है। खासकर रिंग रोड और बायपास से लगे क्षेत्रों की जमीनों में प्रस्तावित बढ़ोतरी ने इन इलाकों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रशासन द्वारा तैयार मसौदे के अनुसार इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय दर वृद्धि का प्रस्ताव है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में यही इलाके शहर के नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन बन सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रिंग रोड और बायपास ने शहर के विकास की दिशा बदल दी है। इन मार्गों के निर्माण से शहर के भीतरी हिस्सों पर ट्रैफिक का दबाव कम हुआ है और बाहरी क्षेत्रों तक पहुंच आसान हो गई है। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण लोग अब भीड़भाड़ से दूर, लेकिन सुविधाओं से जुड़े इलाकों में बसना पसंद कर रहे हैं।

मास्टर प्लान में शामिल 62 गांवों में से कई रिंग रोड से सटे हैं, जहां तेजी से कॉलोनियों का विकास हो रहा है। सड़क, पानी, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने



इन क्षेत्रों को आवासीय और व्यावसायिक दृष्टि से आकर्षक बना दिया है। रियल एस्टेट कारोबारियों का कहना है कि बड़े भूखंडों की उपलब्धता और भविष्य में कॉमर्शियल संभावनाओं के कारण निवेशकों ने यहां जमकर खरीदारी की है।

### बनेंगे नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन

रियल एस्टेट विश्लेषकों का आकलन है कि अगले 5 से 10 वर्षों में रिंग रोड और बायपास के आसपास मल्टीस्टोरी प्रोजेक्ट, टाउनशिप, वेयरहाउसिंग और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स तेजी से विकसित हो सकते हैं। यदि बुनियादी ढांचे का विस्तार इसी गति से जारी रहा तो ये इलाके शहर के नए विकास केंद्र के रूप में उभर सकते हैं। अब निगाहें 1 अप्रैल 2026 पर टिकी हैं, जब नई गाइडलाइन लागू होने की संभावना है। उससे पहले इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री की रफ्तार तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। स्पष्ट है कि रिंग रोड और बायपास के आसपास का इलाका आने वाले समय में जबलपुर के रियल एस्टेट मानचित्र पर नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

### कितनी बढ़ेगी दरें

प्रशासन के प्रस्ताव के अनुसार जिले की कुल 2705 लोकेशनों में से 1366 में दरें बढ़ाने की तैयारी है। औसतन 15.37 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान है। नगर निगम के वार्ड 08, 15, 16, 21, 67, 72, 73, 74 और 75 में भी नई दरें लागू करने पर सहमति बनी है। श्रेणीवार प्रस्तावित वृद्धि के अनुसार आवासीय भूखंडों में 25 प्रतिशत तक, व्यावसायिक एवं बहुमंजिला भूखंडों में 50 प्रतिशत तक और कृषि भूमि में 80 से 99 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है।

### आम शहरवासी से दूर होगा घर का सपना

हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि अचानक बड़ी वृद्धि से मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क भी बढ़ेंगे, जिससे घर खरीदने की लागत में इजाफा होगा। वहीं निवेशकों के लिए यह क्षेत्र लंबे समय में बेहतर रिटर्न देने वाले साबित हो सकते हैं।

### प्रशासन का तर्क

अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान गाइडलाइन दरें वास्तविक बाजार मूल्य से काफी कम थीं। बाजार दर और सरकारी दरों के बीच बड़े अंतर के कारण राजस्व पर असर पड़ रहा था। इसलिए विकास की गति और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दरों का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है।

## गत वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

# पमरे ने टिकिट चैकिंग से कमाए 8 करोड़ 73 लाख

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी माह में कुल 01 लाख 32 हजार मामले पकड़े। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 08 करोड़ 73 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष फरवरी माह में वसूले गए 07 करोड़ 73 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 12.83 प्रतिशत अधिक है।

### मुख्यालय (सीसीएम स्क्वाड)

मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकट जांच अभियान में बिना टिकट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के 02 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 15 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### जबलपुर मंडल

टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 51 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 03 करोड़ 51 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### भोपाल मंडल

टिकट जांच के दौरान 50 हजार प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 03 करोड़ 10 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया गया।

### कोटा मंडल

टिकट निरीक्षकों ने अभियान के दौरान 29 हजार प्रकरण पकड़े, जिनसे 01 करोड़ 97 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# स्वच्छता मिशन के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं : निगमायुक्त

**जबलपुर।** स्वच्छता अभियान की सफलता को लेकर नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गया है। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छता टीम के सदस्यों को दो टूक शब्दों में कहा कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की

**निगमायुक्त की दो टूक, मैदान में उतरकर काम करने से ही चमकेगा शहर**



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने आई.ई.सी. एजेंसी के प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का कार्य धरातल पर दिखनी चाहिए। निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को सुबह से शाम तक फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों और शहर की सुंदरता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आई.ई.सी. एजेंसी को निर्देशित किया है कि वे जनता को जागरूक करने के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करें। हमारा लक्ष्य सिर्फ रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि नागरिकों को एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश देना है। इसके लिए हर कर्मचारी को पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरकर कार्य करना होगा।

# स्वच्छता का संदेश: नुक्कड़ नाटक के जरिए बिखरी जागरूकता की अलख



**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शीर्ष पायदान पर ले जाने के संकल्प के साथ नगर निगम निरंतर नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, संभाग क्रमांक 16, वार्ड 50 के अंतर्गत स्थित घसिया बस्ती में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। नाटक के जरिए स्थानीय नागरिकों को यह समझाया गया कि गीला और सूखा कचरा अलग करना और डस्टबिन का उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम कैसे पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल सकते हैं।

### बच्चों और महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। बच्चों को 'स्वच्छता दूत' के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझ सकें। महिलाओं को घर से निकलने वाले कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से अपने वार्ड को आदर्श और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

### सामुदायिक सहभागिता से बनेगा 'स्वच्छ जबलपुर'

नगर निगम आयुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि स्वच्छता को एक संस्कार के रूप में विकसित करना है। घसिया बस्ती में हुआ यह आयोजन यह साबित करता है कि जब कला और जन-जागरूकता का मिलन होता है, तो उसका प्रभाव गहरा और स्थाई होता है।

# कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा रंग पंचमीं का धूमधाम से आयोजन

**जबलपुर।** विगत दिवस कलचुरी क्लब द्वारा पाइन वैली रिसॉर्ट में रंगों का पर्व रंग पंचमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग और गुलाल डालते हुए होली गीतों पर जोरदार नृत्य किया। क्लब के महिलाओं और पुरुषों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम का संयोजन राजीव चौकसे और कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया, जिनकी मेहनत से यह आयोजन सफल और यादगार बना। इस दौरान, क्लब के सदस्य एक-दूसरे से मिलकर होली की खुशियाँ साझा करते हुए आनंदित दिखे।



कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के प्रमुख सदस्य रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्री चंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोर्मा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र-कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, प्रिया, सागर-रुचिका, सिद्धार्थ-रूपाली चौकसे, संस्कार महाजन, और बच्चे रणबीर, राजबीर चौकसे, रेवांशी, अथर्व चौकसे, कियाना, रुशांक महाजन सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कचहरी वाले बाबा साहब में विशाल रोज़ा अफ़्तार

## आज आगा दरगाह में भी अफ़्तार-ए-आम

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (कचहरी वाले बाबा साहब) की दरगाह में रमज़ान शरीफ़ के बीसवें रोज़े के मौके पर मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में विशाल रोज़ा अफ़्तार का आयोजन किया गया।इस मौके पर हज़रत मौलाना इनामुल हक़ कादरी व हजरत मुफ्ती सैय्यद अब्दुल रहमान साहब सहित बड़ी तादाद में गणमान्य नागरिकों एवं आम रोज़ेदारों ने शिरकत की।दरगाह के खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने बताया कि बाबा साहब की दरगाह हमेशा से लोगों की आस्था का केंद्र रही है, जहां हर धर्म



और समाज के लोग आकर दुआ करते हैं। रमज़ान के इस मुकद्दस महीने में आयोजित अफ़्तार-ए-आम में भी अलग-अलग समुदायों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया।

अफ़्तार के बाद मगरिब की नमाज़ अदा की गई और देश में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने सभी रोज़ेदारों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### ए.बी. उपभोक्ता संरक्षण संगठन में कृष्णा पटेल बने कोषाध्यक्ष



**पनागर।** मध्यप्रदेश में ए.बी. कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन (अखिल भारतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति) की प्रदेश कार्यकारिणी में कृष्णा पटेल को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन द्वारा की गई है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार कृष्णा पटेल का कार्यकाल प्रदेश अध्यक्ष के साथ रहेगा। उन्हें संगठन के संविधान के अनुसार कार्य करते हुए प्रदेश में संगठन को मजबूत करने और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें 60 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया में सहयोग करने का दायित्व भी दिया गया है। नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों ने कृष्णा पटेल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### पिस्टल लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने पुराने विवाद पर बदला लेने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश करण दाहिया को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल बरामद की ।गोरखपुर सीएसपी महादेव नागोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर हनुमान मंदिर के आगे ट्रांसफार्मर डिपो के पीछे रोड़ किनारे पिस्टल रखकर खड़े बदमाश मांडवा बस्ती निवासी करण दाहिया को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर कमर में एक पिस्टल खोसे मिला था, पिस्टल को चैक करने पर मैगजीन में एक कारतूस लोड पाया गया। गोरखपुर पुलिस के मुताबिक 18 फरवरी को आरोपी करण दाहिया का मांडवा बस्ती में विवाद हुआ था उसी का बदला लेने आरोपी पिस्टल लेकर घूम रहा था।

### स्कूटी सवार बदमाश मोबाइल लूटकर भागे

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत धनी की कुटिया रोड आलोकनगर हनुमंत चौक में मोबाइल पर पैदल बातचीत घर जा रहे एक युवक का मोबाइल स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने लूटकर ले गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पक नगर गली नंबर 3 अधारताल निवासी 36 वर्षीय सतीश कुमार मिश्रा गत दिवस वह तीन पत्ती से आटो में बैठकर धनी की कुटिया के पास उतरा और पुष्पकनगर अपने घर जाने लगा। रात लगभग 9 बजे धनी की कुटिया रोड़ आलोकनगर हनुमंत चौक में पहुंचा एवं बात करने के लिये मोबाइल निकाला तभी पीछे से बिना नम्बर की स्कूटी में दो अज्ञात लड़के आये और पीछे बैठे लड़के ने उसका सेमसंग कंपनी को मोबाइल झपटकर अमखेरा रोड तरफ भाग गये। पुलिस ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### रंगदारी वसूलने चाकूबाजी में युवक घायल

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गांधी चौक में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक व्यक्ति पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर घायल कर दिया।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव निवासी 40 वर्षीय संदीपन शर्मा गत रात लगभग 9 बजे अपनी मां सुधा शर्मा के लिए खाना लेने दुकान जा रहा था, तभी गांधी चौक में आरोपी समीर लूटले ने उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करते हुए उस पर सब्जी काटने वाली चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## श्रीमद्भागवत कथा की निकली कलश यात्रा

**जबलपुर।** कल गोपाल होटल से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नारायण चौक और झामनदास चौक से होते हुए छोटी खेरमाई मंदिर के पास पहुँची। इस यात्रा के साथ एक सप्ताह की श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसे श्रद्धालुओं के बीच एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जी डी रायपुरिया के मार्गदर्शन में सिहोरा विकासखंड के फनवानी सेक्टर में आने वाले पांच प्रस्फुटन ग्रामों में गठित समितियां के अध्यक्ष सचिव नवांकुर सखी व सदस्यों का योजना मे चयनित मानस मां नर्मदा सामाजिक विकास समिति खितौला द्वारा क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम खितौला में आयोजित किया गया। जिसमें जिला समन्वयक रायपुरिया के मार्गदर्शन में परामर्शदाता प्रवीण गौतम द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओ का गठन, प्रबंधन एवं दस्तावेजीकरण की वृहद जानकारी प्रदान की गई । समिति के अध्यक्ष दीपक चौरसिया द्वारा परिषद के एप संचालन व





समिति की भूमिका जल संवर्धन,स्वक्षता,नशा मुक्ति एवं जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया इस दौरान प्रशिक्षण में आए समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने गांव में किये जा रहे नवाचार कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत मे सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अंकिता,दीपक

# जहर खाकर 2 लोगों ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** रांझी और घमापुर थाना क्षेत्र में जहर का सेवन कर एक युवक व एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती रांझी निवासी 26 वर्षीय सुमित चौधरी को जहर का सेवन करने पर मां सुनीता चौधरी द्वारा गत रात लगभग 10 बजे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात लगभग 1 बजे सुमित चौधरी की मौत हो गई।इसी तरह घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतलामाई के पीछे कुम्हार मोहल्ला निवासी 52 वर्षीय विनोद चक्रवर्ती को गत रात लगभग 8.30 बजे जहर का सेवन करने पर पुत्र सचिन द्वारा उपचार के लिए आदिशंकर अस्पताल लेकर गए, जहां से विनोद को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गत शाम लगभग 7.30 बजे विनोद चक्रवर्ती की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## सिगरेट पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत हाउबाग रेलवे स्टेशन रोड पर मैगी प्वाइंट पर दोस्त को मारने से मना करने और सिगरेट पीने के लिए रुपए की मांग पूरी न होने पर एक बदमाश ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाजिम होटल के पास ठक्कर ग्राम हनुमानताल निवासी 22 वर्षीय हारिश अहमद के मोबाइल पर गत रात लगभग 9 बजे उसके साथी का कॉल आया जिसने बताया कि हाउबाग रेलवे स्टेशन रोड पर मैगी प्वाइंट पर शुभम गुप्ता उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पाकर वह अपने दोस्त रोहबान के साथ अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेड एन 9877 से हाउबाग रेलवे स्टेशन मैगी प्वाइंट पहुंचा जहां पर शुभम गुप्ता को दोस्त के साथ मारपीट करने से मना किया और गालीगलौज कर सिगरेट पीने के लिए रुपयों की मांग कर चाकू से हारिश और सैयद रोहबान पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अमित बने सिहोरा साहू समाज के अध्यक्ष

**सिहोरा।** आगामी 17 मार्च को मां कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने के लिए साहू समाज सिहोरा की बैठक का आयोजन वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें समाज की एकता सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही समाज की नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिसमें समाजसेवी अमित साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी तरह कार्यकारिणी में सचिन साहू उपाध्यक्ष,विजय साहू सचिव,अजय साहू सरपंच कोषाध्यक्ष एंव राजेन्द्र साहू को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नव निर्वाचित सदस्यों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



## भगवान आदिनाथ जयंती पर कल निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर।** श्रमण संस्कृति के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी (ऋषभदेव जी) के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 12 मार्च को प्रातः 8 बजे दरहाई स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी महोत्सव समिति के संयोजक विजय चौधरी एवं लायन नरेन्द्र जैन ने दी।

यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा और आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से, पूज्य मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी, मुनि श्री निर्लोभ सागर जी और मुनि श्री 108 निरुपम सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन (चौधरी) मंदिर का मनोहारी रजत रथ तथा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बरियावाला मंदिर हनुमानताल और श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर संगम कॉलोनी की रजत पालकी में विराजित भगवान आदिनाथ की प्रतिमा धर्म प्रभावना का संदेश देगी। शोभायात्रा दरहाई चौक से प्रारंभ होकर फूटाताल, खटीक मोहल्ला, सराफा, कमानिया गेट, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, नार्मल स्कूल रोड, लार्डगंज थाना, बड़ा फुहारा, खोवा मंडी और कोतवाली होते हुए पुनः दरहाई स्थित मंदिर में पहुंचेगी। समापन पर मंदिर परिसर में भगवान आदिनाथ का अभिषेक-पूजन होगा। आयोजन से जुड़े अशोक दानी, सुबोध कामरेड, सुनील गढ़वाल, डॉ. प्रवीण सिंघई, विकास चौधरी, महेश जैन, संजय सेठ, वैभव चौधरी सहित शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ, सतीश जैन नेता, विशाल चौधरी, रवि चौधरी, दिनेश जैन और विवेक चौधरी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## हनुमान जन्मोत्सव में भगवामय होगा सिहोरा खितौला

### विशाल बैठक में लिया गया निर्णय

**सिहोरा।**

हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाने के संबंध में काल भैरव चौक में विशाल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जन्मोत्सव पर सम्पूर्ण सिहोरा खितौला क्षेत्र को धर्म ध्वजा से भगवामय करने का निर्णय लेने के साथ वाहन रैली के मार्ग की भी चर्चा हुई।

हनुमान जन्मोत्सव पर वाहन रैली बाबा शाला से सुबह 08:30 बजे प्रारंभ होकर मझौली बायपास, गढ़िया मोहल्ला,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,नया बस स्टैंड से वापस बाबा शाला पहुंच कर कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,कालभैरव चौक,महावीर चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर, बाबाताल से पेट्रोल पंप तिराहा,फोर लेन हाइवे, पहरेवा कृषि उपज मंडी के सामने से खितौला बाजार,रेलवे फाटक से पान उमरिया रोड,विंध्य वासनी मंदिर से मझंगवा बायपास,नरसिंह मंदिर, बारा मोहल्ला,तुलसी मानस मंदिर, पुनःरेलवे फाटक खितौला बस स्टैंड,पेट्रोल पंप तिराहा से बाबा ताल होते हुए पुराना बस स्टैंड सिहोरा में हिन्सदू महाकुंभ के रुप में समापन होगा। जहां पर महा आरती के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। बैठक में हर वार्ड की दुर्गा, गणेशोत्सव समितियों के साथ सभी सामाजिक, धार्मिक,व्यवसायिक संगठनों ने हिस्सा लेकर अपने विचार रखे।

## षड्यंत्र से हड़पी आदिवासी की जमीन! फर्जी रजिस्ट्री कर कंपनी ने किया कब्जा

### पीड़ित ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**सिहोरा।** सिहोरा तहसील के एक गरीब आदिवासी की जमीन कथित तौर पर षड्यंत्र रचकर हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक कंपनी ने पहले डमी व्यक्ति के नाम फर्जी रजिस्ट्री करवाई और बाद में प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीन अपने नाम करा ली। मामले की शिकायत एसडीएम सिहोरा से की गई है जिसके बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

सिहोरा क्षेत्र में भोले-भाले आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने के मामलों पर भले ही प्रदेश स्तर पर जांच चल रही हो लेकिन मायनिंग माफियाओं की गतिविधियां थमती नजर नहीं आ रही हैं। ताजा मामला ग्राम गिदुरहा का है जहां एक आदिवासी की जमीन कथित तौर पर फर्जी तरीके से हड़पने का आरोप सामने आया है। पीड़ित सुरेश कोल ने बताया कि उसने ग्राम गिदुरहा स्थित खसरा नंबर 713/1, रकबा 0.450 हेक्टेयर भूमि वर्ष 2011 में विक्रेता सीताबाई बेवा बेडीलाल व अन्य से विधिवत विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदी थी। वर्षों से उक्त भूमि उसके कब्जे में रही लेकिन हाल ही में जब उसने भूमि की खसरा नकल निकलवाई तो उसे पता चला कि जमीन की पुनः रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी गई है। आरोप है कि एक कथित कंपनी ने षड्यंत्रपूर्वक अपने डमी उम्मीदवार के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवाई और इसके बाद अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जिला कलेक्टर से अनुमति प्राप्त कर भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया।जमीन हड़पने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिहोरा को शिकायत देकर मामले की जांच कराने और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुरेश कोल का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर के साथ-साथ सिविल न्यायालय में वाद दायर कर करेगा।

# सिहोरा एवं गोसलपुर स्टेशन की समस्याएं दूर करने की मांग

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** सांसद आशीष दुबे के नगर आगमन पर कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपकर इसमें सिहोरा रोड एवं गोसलपुर रेलवे स्टेशन की समस्याओं को अति शीघ्र दूर करने की मांग की साथ ही सिहोरा रोड रेलवे फाटक पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ शीघ्र करने तथा गोसलपुर स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की मांग भी की गई कांग्रेस प्रदेश सचिव पार्षद राजेश चौबे,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल, गोसलपुर अध्यक्ष अजय ठाकुर के संयोजन में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया की सिहोरा स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज को बने दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन ब्रिज में लाइटिंग का काम पूरा नहीं होने से इसका शुभारंभ अटका है

ज्ञापन में चेतावनी दी गई की यदि चैत्र नवरात्र पर्व शुरू होने के पहले रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ नहीं होता तो कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता स्वयं खड़े होकर ओवरब्रिज से आमजन का आवागमन शुरू करवा देंगे गोसलपुर



में कटनी एंड की तरफ लोडिंग साइट है और यहां मालगाड़ी कई कई घंटे खड़ी रहती है ऐसे एक प्लेटफार्म को बदलना बड़ा कठिन होता है ग्रामीण जन झुक कर सा मालगाड़ी के नीचे से गुजरने को मजबूर रहते हैं। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी, मनीष खंपरिया, संजय गुप्ता,आलोक पांडेय,शेख साबिर, फैज आलम शाह,ओम नारायण श्रीवास्तव,दिलीप जैन,जितेंद्र गुप्ता, उमाकांत चौरसिया, लालबहादुर पाठक, वीरेंद्र पटेल, अज्जू भाईजान, बालाराम तंतुवाय, इरफान पठान, संदीप शुक्ला, मोहन सोंधिया, अन्ना कोल आदि मौजूद थे।





**श्रीमती आरती चौहान-** मनप्रीत अपार्टमेंट गुप्तेश्वर निवासी श्री जीतेंद्र चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती आरती चौहान (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पराग वर्मा-** चुंगी चौकी लालमाटी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री अतुल वर्मा के पुत्र श्री पराग वर्मा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आशीष कुरील-** कोरी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री आशीष कुरील (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश प्रसाद कोरी-** आईटीआई माढ़ोताल शारदा मंदिर के पास निवासी श्री रमेश प्रसाद कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लालवती द्विवेदी-** एन 218, शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री गिरीश द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती लालवती द्विवेदी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश पटेल-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री रमेश पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मगन बावरिया-** गली नं. 20 पासी मोहल्ला सदर निवासी श्री मगन बावरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमावती सिंह-** समदड़िया अभिनंदन शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री रामाधार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रमावती सिंह (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुक्कू ठाकुर-** मांडवा बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री सुक्कू ठाकुर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण मिश्रा-** बजरंग नगर रांझी निवासी श्री पुरुषोत्तम मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती किरण मिश्रा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री धीरेंद्र कुमार देवनाथ-** आशा काम्पलेक्स बंगाली कॉलोनी रांझी निवासी श्री धीरेंद्र कुमार देवनाथ (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार-** बिलपुरा कॉलोनी निवासी श्री अशोक कुमार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री केदारनाथ अवस्थी-** करमेता पाटन रोड निवासी श्री केदारनाथ अवस्थी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## कलेक्टर की अध्यक्षता में ऑयल कंपनी व गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

# जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद: कलेक्टर




**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ गैस एजेंसियों और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा। इसके तहत एलपीजी गैस की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उपयोग के लिए सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वहीं, नई व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही की जा सकेगी। यह कदम गैस की कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि हर परिवार को समय पर गैस सिलेंडर मिल सके। साथ ही कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों जैसी अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर, अन्य व्यावसायिक इकाइयों जैसे होटल, मॉल और औद्योगिक क्षेत्रों को फिलहाल कमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं की जाएगी। बैठक में गैस की बचत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने गैस एजेंसियों और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे गैस बचाने के तरीकों को लोगों तक पहुँचाएँ। इसके लिए बर्नर को साफ रखने, गैस की आंच नियंत्रित रखने, फ्लैट तले बर्तन का उपयोग करने, इंडक्शन और प्रेशर कूकर का प्रयोग करने जैसे उपायों के बारे में जानकारी दी जाए।

इस प्रकार, यह बैठक जिले में गैस आपूर्ति की सुरक्षा और उचित वितरण के लिए किए गए महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी देने वाली रही, जिससे नागरिकों को लाभ होगा और भविष्य में गैस की आपूर्ति में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।



# पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती पर भावांजलि अर्पित की

**खेल अलंकरण पुरस्कार का आयोजन**

**जबलपुर**। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती पर जबलपुर स्थित सिंधिया पार्क में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक के संयोजन में भावांजलि कार्यक्रम के माध्यम से भजनों की प्रस्तुति दीपक राजानी ग्रुप द्वारा दी गई और श्रीमंत सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण कर उनके द्वारा देश में किए गए विकास कार्यों की सराहना कर उनके कृतित्व को याद किया गया। साथ ही इस वर्ष 2026 का श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल अलंकरण पुरस्कार संस्कारधानी जबलपुर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन करने वाली एयर राइफल शूटर जूनियर नेशनल चैंपियन कुमारी गौतमी भनोट को मोमेंटो, शॉल, श्रीफल और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात साहू, डॉक्टर जितेंद्र जामदार, सुधीर नायक, संदीप जैन, डॉक्टर संजय चौधरी, पार्षद लवलीन आनंद, एसके मुद्दिन, अनवर हुसैन, शिवम तिवारी, रमेश काका, शंकर श्रीवास्तव, अनीश तिवारी, अरविंद साहू, अर्जुन साहू, प्रतिभा भांपकर, शारदा कुशवाहा, योगेश बिलोहा, नरेश चौधरी, सिद्धार्थ शुक्ला, राकेश पटेल, दिनेश पटेल, सुंदर अग्रवाल, रामानुज तिवारी, रमाकांत मिश्रा, शिवा चौधरी, वीरेंद्र पटेल, सुरेश पांडे, राजेश सेन, संजीव जायसवाल, मनोज परोहा, अंकित श्रीवास्तव, अतुल सिंह, अमित सिंह, आदि जन शामिल हुए।

# लोक रंग फाग के संग कार्यक्रम में शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन




**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय द्वारा आयोजित ₹लोक रंग फाग के संग₹ कार्यक्रम ने परिसर को सांस्कृतिक गौरव से भर दिया। हिंदी विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से दमोह जिले से आई फाग मंडली ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल छू लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने किया।प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फाग के सांस्कृतिक महत्व को समझाया और बताया कि यह लोक कला हमारी समृद्ध संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए एक आवश्यक अनुभव बताया, जिससे वे अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ सकें। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने भी फाग को आंचलिक लोक गायन की पहचान माना और ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में दमोह के बिसमाखेड़ी ग्राम से आई 20 सदस्यीय फाग टोली ने अपनी बेहतरीन फाग प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत कर दिया। जब उन्होंने पारंपरिक पंक्तियाँ ₹चले आते हैं कुंवर कर सोहे धनुष और बान₹ और ₹जयद्रथ ऐसी कह रहा सुन बालक नादान..₹ का गायन किया, तो सभागार तालियों से गूंज उठा। टोली के कलाकारों के आकर्षक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बलिराम अहिरवार ने प्रभावशाली ढंग से किया, और उन्होंने फाग टोली के साथ गायन भी किया, जिससे कार्यक्रम की रंगत और बढ़ गई। डॉ. ममता तिवारी ने लोकसंस्कृति और फाग पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 182 विद्यार्थियों सहित डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. डी.के. मिश्रा और अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## बैंक ऑफ इंडिया का "मेगा समझौता अभियान" 20 मार्च तक

**जबलपुर**। बैंक ऑफ इंडिया 16 से 20 मार्च 2026 तक "मेगा समझौता अभियान" का आयोजन कर रहा है, जिसके तहत देश भर में स्थित अपनी सभी शाखाओं/जोनों और एफजीएमओ में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान किया जाएगा। यह समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए बनाया गया है, जो व्यावसायिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या किसी अन्य वास्मृविक कारण से समय पर ऋण चुकाने में असमर्थ रहे हैं। हमारे बैंक के पास छोटे और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से एनपीए खाता धारक उधारकर्ताओं को विशेष और आकर्षक छूट प्रदान की जाती है। हम सभी एनपीए खाताधारक उधारकर्ताओं से अपील करते हैं कि वे 16 से 20 मार्च 2026 तक चलने वाले "मेगा समझौता अभियान" के दौरान एनपीए ऋण खातों का निपटान करके इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर**। "जीवन के हर कदम पर विज्ञान की महत्ता है" ऐसे उद्गार व्यक्त किए मुख्य अतिथि डॉक्टर राजीव चांडक ने, अवसर था मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का, जिसका आयोजन तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर द्वारा 09 एवं 10 मार्च को किया गया।कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के डॉ. राजीव चांडक प्राचार्य जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेजद्वारा विज्ञान की महत्ता विषय पर तकनीकी प्रेजेंटेशन दिया गया। दूसरे दिन समापन सत्र में के मुख्य अतिथि एवं अतिथि वक्ता डॉ. के.के. कुशवाहा विभाग अध्यक्ष भौतिक विज्ञान जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा नैनो मटेरियल विषय पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया गया। विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना इस थीम पर आधारित कार्यशाला में डॉ. कुशवाहा ने अपने प्रेजेंटेशन में विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ. संजय वर्मा ने म्यूजिक-ए-मेलोडियस साइंस एवं डॉ. शीतल मेहता ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धि विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस कार्यक्रम में अभियांत्रिकी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे साइंस क्विज, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, वाद विवाद एवं साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अभियांत्रिकी विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम उपरांत समस्त विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष आर.एन. पहारिया, सचिव इंजी. शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई.के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू सहित सभी विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय वर्मा एवं सह-संयोजक के रूप में डॉ. शीतल मेहता रहीं।



# भारतीय सर्व जनजाति सेना ने माँ माला देवी मंदिर में आदिवासी परंपरा से किया रंगपंचमी का आयोजन

**जबलपुर**। भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुताबिक पूरे देश में रंगपंचमी का पर्व बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गढ़ा पुरवा स्थित गोंडवाना साम्राज्य की कुलदेवी माँ मालादेवी के मंदिर में आदिवासी समुदाय ने अपनी प्राचीन परम्पराओं का निर्वहन करते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया, फूलों की वर्षा और पारंपारिक फाग गीतों के साथ एकदूसरे का रंग-गुलाल लगाकर इस पावन पर्व को बड़े ही भव्यता व उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनादौन पूर्व विधायक शशि ठाकुर मरावी द्वारा किए गए गोंगो पूजन (आदिवासी विधि-विधान से पूजा) के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजित फाग उत्सव में सिवनी, बेलखेड़ा, बरगी और जबलपुर के आसपास के क्षेत्रों से आए आदिवासी समुदायों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा, जिसमें लोगों ने नाचते, झूमते हुए अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। आयोजक इन्द्र कुमार कुलस्ते ने बताया कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि नई फसल जैसे आम, महुआ, चना, गेहूं, तेन्दू फल आदि अग्निदेव को अर्पित करने का समय होता है और प्रकृति के परिवर्तन का समय होता है। कार्यक्रम के माध्यम से गोंड़ी सभ्यता को जीवित रखने व उनकी अनेक गाथायें बताई गईं।

# भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी प्राकट्योत्सव पर विशाल शोभायात्रा कल

## जबलपुर जिले से हजारों की संख्या में शामिल होंगे स्वजातीयजन



**जबलपुर**। भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर संपूर्ण साहू समाज जिला जबलपुर के तत्वावधान में शुक्रवार 13 मार्च 2026 को भव्य कर्मा देवी की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर समाज एवं श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, यह बात मप्र तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकरण साहू ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए सिटी कॉफी हॉउस करमचंद चौक में कही।

श्री साहू ने बताया माँ कर्मा देवी की शोभायात्रा का शुभारंभ शुक्रवार 13 मार्च को दोपहर 02 बजे शहर के ह्रदय स्थल मालवीय चौक से होगा, जो लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा, कोतवाली, मिलोनीगंज चौक, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर में संपन्न होगी। श्री साहू ने बताया माँ कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का यह लगातार दूसरा वर्ष है। गत वर्ष शोभायात्रा में जबलपुर जिले के शहरी और ग्रामीण सभी क्षेत्र से समाज के भाई, बहिन हजारों की संख्या में शामिल हुए थे और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई थी। गत वर्ष के आयोजन की सफलता के बाद साहू समाज के सदस्यों ने निर्णय लिया कि हमारी आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा जी की जयंती पर इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली जाये। शोभायात्रा की तैयारी अंतिम चरणों में है, इसके लिए जबलपुर जिले में एवं आसपास भी बैठकें आयोजित कर सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। समाज के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया इस भव्य शोभायात्रा में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध बैंड (ढोल-ताशा) मुख्य आकर्षक के साथ लगभग 40 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें माता कर्मा देवी के जीवन, संस्कृति और समाज की परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया जाएगा। शोभायात्रा में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक संगठन, युवक-युवतियां एवं महिलाएं शामिल होंगे, जिससे पूरे मार्ग पर भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा। उन्होंने बताया यह पहला अवसर है कि इतनी बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की पहली बार उपस्थिति रहेगी।साहू समाज जिला जबलपुर के पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों एवं शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा में शामिल हों और आयोजन को सफल बनाएं। पत्रकार वार्ता में साहू समाज के श्रीकांत साहू, प्रदीप साहू, अर्जुन साहू, सुरेन्द्र साहू, विमलेश साहू, जितेन्द्र साहू, राजू साहू कोठी, शुभम साहू, शेखर साहू उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को नेपाल में मिला सम्मान



**जबलपुर**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नेपाल के लुंबिनी में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में संस्कारधानी की डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को उनके समाज में सकारात्मक बदलाव और साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी रचनात्मक प्रतिभा, लेखन और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए दिया गया, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी और वंचित वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। इस सम्मान में डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार की साहित्यिक रचनाएँ, जो संवेदनशीलता, सामाजिक सरोकार और नैतिक मूल्यों को प्रमुखता से व्यक्त करती हैं, को सराहा गया। उनकी रचनाएँ समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सकारात्मक चेतना फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संस्था की अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने समारोह में कहा, ₹आज के दौर में युवा साहित्यकारों का समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार जैसे लेखक अपने लेखन और सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।₹ संस्था के वरिष्ठ सलाहकार रमेश चंद पटेल 'आकाशदीप' और प्रतिभा चयन समिति के संयोजक डॉ. प्रतिभा प्रसाद 'प्रीत' ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार के लिए, बल्कि सभी महिलाओं और पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह सम्मान नेपाल के लुंबिनी 5 में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को प्राप्त यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान जबलपुर और पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन गया है।

# चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता : खिलाड़ी कर रहे उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन




**जबलपुर**। रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न सुरक्षा बलों की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के परिजन घर और कार्यस्थल से भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। दिनांक 11.03.2026 को प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

**पहला मैच-** MPSAF मंडला v/s ITBP, MPSF Mandalaa ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए MPSAF मंडला की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ITBP की टीम 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार MPSAF मंडला ने यह मैच जीत लिया। MPSAF के खिलाड़ी J.N. Jay ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 रन बनाए तथा दो विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**दूसरा मैच-** JAK Army बनाम 54 ASC Army के मध्य खेला गया। इस मैच में JAK Army ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। JAK Army की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 189 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 54 ASC Army की टीम निर्धारित 15 ओवर में 170 रन ही बना सकी। इस प्रकार JAK Army ने यह मुकाबला जीत लिया। JAK Army के खिलाड़ी सबवीर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**तीसरा मैच-** CISF बनाम MP पुलिस जबलपुर के मध्य खेला गया। इस मैच में CISF ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, किंतु पूरी टीम 98 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए MP पुलिस जबलपुर की टीम ने 8.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। MP पुलिस के खिलाड़ी सुमन ने 13 रन बनाने के साथ दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आज के मैचों के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी GRP जबलपुर संजीवनी राजपूत रहीं, जिनके कर कमलों द्वारा खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के खेले गए मैच में अंपायर की भूमिका त्रिलोक नायडू, असलम अली, हसन अली ने निभाई।

विदित है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में Railway Protection Force, Army Grenadiers, Jammu & Kashmir Rifles, GRP, MP Police, MPSAF Jabalpur, MPSAF Ranjhi, MPSAF मंडला, 54 ASC Army, ITBP तथा CISF की टीमें भाग ले रही हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश लता पटेल अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक एवं प्रचलित नाम "कल्लो बाई" है अर्थात् मेरा नाम "कल्लो बाई" करना चाहती हूं जिस हेतु आज दिनांक से मुझे "कल्लो बाई के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा।

कल्लो बाई
पति स्व. शारदा प्रसाद पटेल
उम्र 62 वर्ष
निवासी- म.नं. 1121 / ए, जय प्रकाश नगर महर्षि महेश योगी वार्ड, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

**In The Court of XXXIV Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur Presiding Officer:** ऋचा बठेजा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/0000724/2023)**
दिलीप आनंदानी..........वादी
राहुल आनंदानी............ प्रतिवादी
**Process Id- /2026**
पेशी दिनांक:- 13/03/2026

प्रेषिती- (1) विजय राठौर पिता आर.पी. राठौर पता- गोकलपुर जिला जबलपुर (2) संतोष सोनी पिता नंदकिशोर सोनी पता- लेडी चर्च घाना पोस्ट सोनपुर खम्हरिया जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी दिलीप आनंदानी ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए दावा वास्ते स्तत्व घोषणा हेतु मूल्यांकन एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(ऋचा बठेजा) 34वें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर रार बोले-रविशंकर

# नेहरू-1954 के उदाहरण पर भिड़ा पक्ष-विपक्ष, प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकार को संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन को ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता। इस दौरान नियमों का भी हवाला भी दिया गया।*

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा सांसद मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि स्पीकर को हटाने के इस प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकारको संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने दुख जताया कि सदन को आज ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता।

उन्होंने संसदीय नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत सोच-समझकर बोलना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने फिर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारतीय संसद, संविधान और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले इन्हीं संस्थाओं के तहत कई चुनाव जीते हैं, लेकिन अब वह इन्हीं पर निशाना साध रही है।

### इंदिरा के पोते के ज्ञान पर मैं तो सन्न रह गया

रविशंकर ने कहा कि राहुल आरोप लगाते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया। आखिर वेबोलते क्या हैं। इनका कहना है कि तपस्या से गर्मी आती है। मैं तो सन्न रह गया कि आत्मा से परमात्मा का मिलन है तपस्या। आखिर इंदिरा जी के पोते का इस पर क्या ज्ञान है? इस पर मुझे हैरानी हुई। रविशंकर ने कहा कि इस तरह का मुद्दा सदन में उठना दुखद है। समस्या यह है कि विपक्ष इसे समझना नहीं चाहते।

**'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला**


### शब्दों के चयन में सावधानी रखनी चाहिए

प्रसाद ने 'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बोलते समय अपने शब्दों का चयन सावधानी से करना चाहिए। रविशंकर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान संसद, संविधान और चुनाव आयोग का मजाक उड़ाते रहे हैं।

### विपक्ष बोला था-भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल की है


रविशंकर ने कहा कि विपक्ष पर तंज करते हुए कहा पता नहीं विपक्ष को सेना से क्या प्यार है, वे उनकी शहादत पर सबूत मांगते हैं। मेरे पास राहुल की सभी टिप्पणियों की लिस्ट है। रविशंकर ने राहुल के आचरण पर कहा कि विपक्ष के नेता आंख मारते हैं, ये क्या व्यवहार है। पीएम के गले पड़ते हैं और कहते हैं कि हमें सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और राहुल गांधी सदन को अराजकता में बदलना चाहते हैं कि यह स्वीकार नहीं है। यह संसद सर्वोच्च है। स्पीकर के खिलाफ प्रायोजित, उत्तेजित प्रस्ताव लाया गया है। हम इसे खारिज करेंगे। राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत से यह भी कह दिया कि भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल हैं।

### प्रोपेगैंडा नेता सदन के सारे नियम तोड़ रहेः अनुराग




भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग इस सदन में 'माइनस ट्रिपल सी' के साथ प्रवेश करते हैं। कोई सिविक सेंस (नागरिक समझ) नहीं, कोई कॉमन सेंस (सामान्य समझ) नहीं, और कोई संवैधानिक समझ नहीं। जब हम लोकसभा के सदस्य बने थे, तो हमें बताया गया था कि सदन के अंदर कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन एक व्यक्ति इन सभी नियमों को तोड़ता है, और वह है प्रोपेगैंडा (दुष्प्रचार) का नेता। यह 'फोमो गांधी' हैं। उन्हें सुर्खियों में न रहने का डर सताता है। अनुराग ठाकुर का कहना है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी को बोलने का मौका दिया है, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

### सत्ता पक्ष ने बिरला का किया बचाव



सत्ता पक्ष (एनडीए) ने ओम बिरला का बचाव किया। सरकार ने कहा कि विपक्ष यह प्रस्ताव सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए लाया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि स्पीकर पूरी तरह निष्पक्ष हैं और सांसदों के खिलाफ कार्रवाई उनके खराब व्यवहार की वजह से हुई थी। संविधान के अनुसार, स्पीकर चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रह सकते हैं, लेकिन ओम बिरला ने मंगलवार की कार्यवाही से दूर रहने का फैसला किया। इस चर्चा का अंत बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के साथ हुई।

### जयराम ने 1954 के दस्तावेज साझा किए



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रिजिजू के इन दावों पर तुरंत पलटवार किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर 1954 की बहस के कुछ दस्तावेज साझा किए। रमेश ने बताया कि 18 दिसंबर 1954 को प्रधानमंत्री नेहरू खुद पूरी बहस के दौरान सदन में बैठे थे और उन्होंने चर्चा में हिस्सा भी लिया था। नेहरू ने खुद डिप्टी स्पीकर से अनुरोध किया था कि चर्चा का ज्यादातर समय विपक्ष को मिलना चाहिए। नेहरू का कहना था कि सरकारी पक्ष को ज्यादा समय नहीं लेना चाहिए ताकि विपक्षी सदस्य अपनी बात विस्तार से रख सकें।जयराम ने एक और बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1954, 1966 और 1987 में जब भी स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तब सदन में डिप्टी स्पीकर मौजूद थे। लेकिन 2019 के बीच से लोकसभा में कोई डिप्टी स्पीकर नहीं है। रमेश ने इसे संविधान का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 1954 में कांग्रेस के पास 489 में से 364 सांसद थे, फिर भी नेहरू ने विपक्ष की आवाज को महत्व दिया था।

### यह गांधी परिवार का वंशवादी विशेषाधिकार बना



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, मैं इस सदन के संरक्षक (स्पीकर) का समर्थन करना अपना राजनीतिक, संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य मानता हूं। इस तरह के प्रस्ताव का मुख्य कारण कांग्रेस और विशेष रूप से गांधी परिवार की सभी के साथ समान व्यवहार को स्वीकार करने में अक्षमता है। जो लोग वंशवादी विशेषाधिकारों के आदी हैं, उन्हें समानता अन्याय लगेगी। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि गांधी परिवार कोई गलती कर ही नहीं सकता।

### नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाताः वेणुगोपाल



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष संसदीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और जब वे सदन में खड़े होकर बोलते हैं तो उन्हें सुना जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी नेता प्रतिपक्ष बोलने के लिए खड़े होते हैं, उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा ऐसा कैसे हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही न दिया जाए।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा होनी चाहिएः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है।

### एलपीजी के हालात देखिएः प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि जनता कितना बर्दाश्त करेगी। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और अब देखिए कि सरकार की नीतियों की वजह से एलपीजीसे उन्हें कितना नुकसान हो रहा है। बेहतर होता कि इस पर पार्लियामेंट में चर्चा होती, कम से कम हम लोगों के मुद्दे तो उठा पाते।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### सीबीआई की अर्जी को दूसरी बेंच के पास भेजें



**नई दिल्ली।** आबकारी मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को बुधवार को पत्र लिखा गया है।इसमें मांग की गई है कि सीबीआई की ओर से दायर की गई याचिका को जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा की बेंच से किसी और बेंच के पास भेज दिया जाए।

### मंडी में चलती बस के पीछे लटका मासूम



**मंडी।** जिला मंडी के जोगिंद्रनगर उपमंडल से वीडियो सामने आया है। स्कूल पहुंचने की जिद में बच्चा एचआरटीसी के जोगिंद्रनगर डिपो की चलती बस के पीछे लगी सीढ़ी पर लटक कर सफर करता हुआ दिखाई दे रहा है। बुधवार को वायरल हुए इस वीडियो ने लोगों की सांसें रोक दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अब दिल्ली के नए उपराज्यपाल बने संधू



**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। यह समारोह लोक निवास में आयोजित किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएमरेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पीएम मोदी ने केरलम में 10 हजार 800 करोड़ के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश की हो रही प्रशंसा

**रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने से लाखों नागरिकों को मिल रहा लाभ**





**पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत**

एजेंसी ▶▶ एर्नाकुलम

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल दौरे पर पर10 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल को केरलम कहकर पुकारा। केरल के एर्नाकुलम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान बुधवार को प्रधानमंत्री ने कहा आज दुनिया आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे निवेश के लिए भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है। बजट में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिकॉर्ड फंड रखा गया है। इस निवेश का बहुत अधिक फायदा केरलम को मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत शोरनूर जंक्शन, कुट्टि-पुरम और चंगनासेरी रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया गया है। शोरनूर–नीलांबुर रेल लाइन के एक बड़े सेक्शन का विद्युतीकरण भी पूरा किया गया है। पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत भी हुई है। इससे केरलम और तमिलनाडु, दोनों राज्यों के लोगों को और अधिक सुविधा होगी।आज कोच्चि रिफाइनरी में पॉली-प्रोपाइलीन यूनिट के शिलान्यास के पीछे भी यही लक्ष्य है।

### एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश आगे बढ़ा

*उन्होंने कहा कि भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा है। एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश तेजी से प्रगति कर रहा है। ऐसे हर काम के लिए, ज्यादा एनर्जी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा ग्रीन और क्लीन एनर्जी की आवश्यकता है। और भारत सोलर पावर के मामले में दुनिया के टॉप के देशों में से एक बन चुका है। हमारा प्रयास है कि केरलम भी सोलर पावर जनरेशन में और आगे बढ़े। इसी मकसद से आज वेस्ट कल्लाडा, उसमें 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। केरलम में तो बहुत बड़ी संख्या में वॉटर बॉडीज हैं। यहां फ्लोटिंग सोलर पावर क्षेत्र में बहुत पोटेंशियल भी है।*

### सिक्स लेन की सड़क बनने से कनेक्टिवटी बेहतर होगी

पीएम मोदी ने कहा कि केरलम के कई महत्वपूर्ण रोड प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। सिक्स लेन की सड़क बनने से अलीक्कल पोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सिक्स लेन के कोजिकोड बाइपास से जाम की समस्या कम होगी और इससे ट्रैवल टाइम भी बहुत बच सकेगा। इन सारे प्रोजेक्ट्स से केरलम के किसानों को लाभ होगा, यहां टूरिज्म और दूसरी इंडस्ट्री को बल मिलेगा। ये जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, इनसे केरलम के हजारों नौजवानों को नए रोजगार मिलने वाले हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि ये सभी प्रोजेक्ट विकसित केरलम के हमारे संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### मछुआरों के लिए 1400 करोड़ का प्रावधान किया

पीएम मोदी ने कहा कि हमें मत्स्य पालन में नई संभावनाओं को साकार करने और मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है। एनडीए सरकार उनकी प्रगति और क्षमताओं को असीमित स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा-एनडीए सरकार ने ही मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केरल के लिए लगभग 1400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समुद्र में जाने वाले मछुआरों की सुरक्षा भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। पहले हमारे मछुआरे भाई-बहन खुले समुद्र में जाते थे, तो उनके घरवाले उनके वापस आने तक चिंता और डर में डूबे रहते थे, क्योंकि समुद्र में मौसम को लेकर हमेशा आशंकाएं बनी रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। हमने सैटेलाइट के जरिए समुद्र में जाने वाले मछुआरे भाई-बहनों की सुरक्षा को और मजबूत किया है। तकनीक भी मछुआरा समुदाय की एक ताकत है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

तमिलनाडु में 5,650 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

## 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई राज्य को भविष्य के लिए खास बताया



**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री ने केरल दौरे के बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए खास है। आज शुरु किए गए प्रजोक्ट्स लोगों को काफी फायदा पहुंचाएंगे। तमिलनाडु में एक ऐसा शहर है जहां दो रेलवे स्टेशन एक-दूसरे से मुश्किल से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, फिर भी अब तक, उनमें से कोई भी अपने लोगों को झारखंड के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रदान नहीं कर सका था। वह शहर कोयंबटूर है। लेकिन अब यह स्थिति बदलने वाली है, जब प्रधानमंत्री मोदी तिरुचिरापल्ली से 'पोदानूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। दक्षिण के करघा-नगरों से लेकर पूरब के कोयला-खदानों से घिरे पठारों तक, भारतीय रेल ने उस मांग को पूरा किया है जिसे यह क्षेत्र दशकों से संजोए हुए था। पोदानूर जंक्शन कोयंबटूर का दूसरा सबसे बड़ा रेलवे केंद्र है और शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित है, यह इस नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' का शुरुआती स्टेशन है। इसके कुछ ही मिनटों बाद कोयंबटूर जंक्शन आता है, जो इसका पहला कमर्शियल हॉल्ट (ठहराव) है। ये दोनों स्टेशन मिलकर कोयंबटूर के लाखों लोगों को ऐसी रेलगाड़ी तक पहुंचने के दो रास्ते उपलब्ध कराते हैं, जो सीधे धनबाद तक जाती है।

### यह पूर्वी भारत को 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ेगी

*पहले इस यात्रा में चेन्नई या विजयवाड़ा के लिए ट्रेन पकड़ना, वहां घंटों इंतजार करना, और फिर दूसरी ट्रेन पकड़ना; जिससे पहले से ही लंबे इस सफ़र में एक पूरा दिन और जुड़ जाता था। नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ने इस पूरे समीकरण को ही बदल दिया है। यह साप्ताहिक सेवा है। यह हर शनिवार सुबह पोदानूर से रवाना होगी और सोमवार तड़के धनबाद पहुंच जाएगी, जबकि वापसी की सेवा हर सोमवार को धनबाद से चलेगी। यह दक्षिण भारत के औद्योगिक केंद्र को पूर्वी भारत की 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ता है।*

### पहले होता था 2,000 किमी का सफ़र

*एक विशेष तरह की थकान को सिर्फ़ वही लोग जानते हैं जिन्हें घर जाने के लिए 2,000 किलोमीटर का सफ़र तय करना पड़ता है। तिरुप्पुर का वह कपड़ा मजदूर जिसका परिवार धनबाद के बाहर किसी गांव में रहता है। कोयंबटूर का वह मशीन चलाने वाला, जिसके बच्चे झारखंड में उसके बिना ही बड़े हो रहे हैं। वह जवान लड़की जिसने बोकारो छोड़कर कोयंबटूर की कताई मिलों की छांव में कपड़े सिलने का काम शुरू किया। उनके लिए, घर का सफ़र सिर्फ़ एक परेशानी नहीं थी, बल्कि एक हिसाब-किताब भी था। क्या मैं इसके लिए समय निकाल सकता हूं? क्या मैं ट्रेन बदलने की झंझट, भीड़-भाड़ वाले प्लेटफ़ॉर्म और अनिश्चितता को झेल सकता हूं?*

मुंबई में गहराया एलपीजी संकट

## कमर्शियल गैस आपूर्ति हुई ठप होटल उद्योग पर बंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां एलपीजी गैस की किल्लत ने वाणिज्यिक क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है, खासकर होटल और रेस्टोरेंट उद्योग को. कालबा देवी गैस एजेंसी के एक कर्मचारी धनाजी कदम के अनुसार 6 अप्रैल से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है. पहले जहां रोजाना 100 से 150 वाणिज्यिक सिलेंडर आते थे, अब वे बिल्कुल नहीं आ रहे हैं। इस अप्रत्याशित कटौती के कारण मुंबई के होटल संचालकों के पास अब केवल 20% एलपीजी स्टॉक बचा है।



### कई राज्यों में गैस की किल्लत

*यूपी-बिहार से लेकर तेलंगाना तक देशभर के लोग इन दिनों रसोई गैस सप्लाई के संकट से जूझ रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई में आई इस रुकावट ने आम लोगों के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। होटल रेस्ट्रोरेंट वालों का कहना है कि उनके पास बस दो दिन का सिलेंडर बचा है।*

**सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी को सभी किताबों की समीक्षा का निर्देश दिया**

## सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो बेहतर, पाठ्यक्रम का रिव्यू जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाए अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। कोर्स की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा।

### एसजी मेहता बोले- सभी किताबों की समीक्षा की जाएगी



### अब पहले विशेषज्ञों की मंजूरी लेंगेः एसजी

*मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है।*

### कोर्ट ने वितरण पर लगाई थी पूरी तरह रोक

26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

### परिषद ने 9वीं की नई अंग्रेजी की किताब में सिलेबस कम किया

*राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा 9 के लिए जारी नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में कई भारतीय लेखकों की रचनाएं शामिल की गई हैं। इनमें तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती, लेखिका और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, नागा लेखिका टेमसुला आओ, प्रसिद्ध कवि रवींद्रनाथ टैगोर और असमिया उपन्यासकार मित्रा फुकन जैसे लेखकों की रचनाएँ शामिल हैं। पहलै किताबों में कुल 29 रचनाओं में से 15 रचनाएं विदेशी लेखकों की थीं।*